मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः07.05.2025

थाना को0कटरा पुलिस द्वारा शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद —

थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर पर दिनांकः04.05.2025 को वादी राजेश कुमार तिवारी पुत्र वंशीधर तिवारी निवासी बरौंधा सदर थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि वादी अपने मित्र से उसकी मोटरसाइकिल वाहन संख्याः UP63W2153 को मांग कर रिश्तेदारी जाने के लिए घर लाया था जिसे दिनांकः16.04.2025 की रात्रि में घर से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0-130/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी ।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त चोरी की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं वाहन की बरामदगी कराये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0कटरा को निर्देश दिए गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0कटरा पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में पतारसी-सुरागरसी, इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलन एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए दिनांकः06.05.2025 को थाना को0कटरा पुलिस द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0कटरा क्षेत्र से शातिर अभियुक्त संजय कुमार कोल पुत्र शंकर कोल निवासी बेलन बरौंधा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर रेलवे पुलिया के नीचे खण्डहर से झाड़ी में छिपाकर रखी हुई 02 अन्य चोरी की मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया । थाना को0कटरा पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है ।

पूछताछ विवरण —

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह मीरजापुर व प्रयागराज के अलग-अलग स्थानों से तीनों मोटरसाइकिलों की चोरी किया था । चोरी की मोटरसाइकिलों की मकैनिक से मरम्मत कराकर इकट्ठा करने का काम कर रहा था जिसमें से दो मोटरसाइकिलों को लाकर खण्डहर के पास झाड़ी में छिपाकर रख दिया था । चोरी की मोटरसाइकिलों को इकट्ठा कर ग्राहक की तलाश कर बिक्री करने की फिराक में था कि चोरी की तीसरी मोटरसाइकिल को लाते समय पकड़ा गया ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

संजय कुमार कोल पुत्र शंकर कोल निवासी बेलन बरौंधा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-38 वर्ष ।

विवरण बरामदगी —

03 अदद चोरी की मोटरसाइकिल

क्रमांक	मोटरसाइकिल	अंकित वाहन संख्या	इंजन नम्बर	चेचिस नम्बर
1	हीरो सुपर स्प्लेण्डर	UP63Z9870	JA05ECG9K00420	MBLJA05EWG9K23508
2	हीरो पैशन प्रो	UP63W2153	HA10ETFHC89004	MBLHA10BJFHC59359
3	हीरो सुपर स्प्लेण्डर	UP70EH8654	JA05EGJ9B37753	MBLJAR031J9B37822

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0स0-130/2025 धारा 303(2),317(2)बीएनएस थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

पीएसी गेट के पास से, दिनांकः06.05.2025 को समय 20:18 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक कृष्णकान्त त्रिपाठी चौकी प्रभारी बरौंधा थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर।

मुख्य आरक्षी लल्लन प्रसाद, रामआशीष यादव, उपेन्द्र यादव व आरक्षी अरविन्द कुमार।